

# मूंग खरीदी की मांग को लेकर किसानों ने किया चक्काजाम

▸ हाईवे पर टेंट लगा किया प्रदर्शन 500 पुलिस जवान तैनात

▸ 15-20 हजार किसानों के जुटने का दावा

नवभारत न्यूज

**हरदा, 15 जुलाई . समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर शत-प्रतिशत मूंग खरीदी और खरीफ-2025 की लंबित फसल बीमा राशि के भुगतान की मांग को लेकर आम किसान यूनियन के बैनर तले बुधवार को किसानों ने हरदा के समीप इंदौर-नागपुर नेशनल हाईवे (एनएच-47) पर चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन किया.**

बड़ी संख्या में किसान हाईवे पर टेंट लगाकर धरने पर बैठ गए, जिससे मार्ग पर यातायात प्रभावित रहा. हालांकि, यातायात पुलिस ने पहले से वैकल्पिक मार्गों पर डायवर्जन लागू कर वाहनों की आवाजाही सुचारु बनाए रखने का प्रयास किया.

आंदोलन को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं. कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आसपास के जिलों से करीब 500 पुलिस जवान तैनात किए गए. तेज धूप से बचाव के लिए किसानों ने हाईवे पर टेंट लगाया, जिस पर प्रशासन ने आपत्ति जताई. इस दौरान अधिकारियों और किसानों के बीच कुछ देर बहस हुई, लेकिन एसडीएम की समझाइश के बाद मामला शांत हो गया और किसान धरने पर डटे रहे.

धरना स्थल पर किसानों के लिए नाश्ता और पेयजल की व्यवस्था भी की गई. किसान नेताओं ने ट्रैक्टर पर चढ़कर सभा को संबोधित करते हुए सरकार से मूंग की शत-प्रतिशत खरीदी और लंबित फसल बीमा राशि का शीघ्र भुगतान करने की मांग दोहराई. आम किसान यूनियन के नेता राम इनानिया ने बताया कि जिले के विभिन्न गांवों से किसान लगातार आंदोलन स्थल पर पहुंच रहे हैं. उनका दावा है कि आंदोलन में 15 से 20 हजार किसानों की भागीदारी होगी. इस दौरान लक्ष्मीनारायण पटेल, केदार सिरोही, राहुल पटेल सहित यूनियन पदाधिकारी मौजूद रहे.

## अब कमिश्नर कार्यालय का करेंगे घेराव



**नर्मदापुरम.** भारतीय किसान संघ का अनिश्चितकालीन आंदोलन का बुधवार को दसवां दिन था. लगभग 230 घंटे से ज्यादा इस आंदोलन को गुजर चुके हैं, लेकिन शासन ने किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की, अब भारतीय किसान संघ द्वारा उग्र आंदोलन करने की चेतावनी लगातार दी जा रही है. भारतीय किसान संघ की तहसील स्तरीय कार्यकर्ता प्रतिदिन धरना स्थल पर बैठकर अलग-अलग कार्यक्रम कर रहे हैं जिसमें सरकार की सद्बुद्धि के लिए यज्ञ, भिक्षा वृत्ति की मांग, थाली बजाना, जल सत्याग्रह, भजन कीर्तन एवं अर्ध-नग्न प्रदर्शन, जैसी गतिविधियां भारतीय किसान संघ के आंदोलन में लगातार जारी है, इसके बावजूद सरकार ने किसानों की कोई सुनवाई नहीं की एवं शत् प्रतिशत मूंग खरीदी की घोषणा नहीं की गई.

## नर्मदापुरम में नशे से दूरी अभियान 2.0 शुरू

**नर्मदापुरम.** जिले की पुलिस ने पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर बुधवार से राज्यव्यापी नशे से दूरी अभियान 2.0 की शुरुआत की. 15 से 30 जुलाई तक चलने वाले इस अभियान के तहत स्कूलों, कॉलेजों, बाजारों, ग्राम पंचायतों और सार्वजनिक स्थलों पर विविध जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर युवाओं और आमजन को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया जाएगा. पुलिस लाइन से अभियान का शुभारंभ किया गया. अभियान का उद्देश्य नशे के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाना और नशा मुक्त, स्वस्थ एवं सुरक्षित समाज का निर्माण करना है. पहले दिन मीडिया के माध्यम से जागरूकता संदेशों का प्रसार, पेम्फलेट वितरण, स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थियों, एनसीसी, स्काउट-गाइड, सुरक्षा समितियों तथा जनप्रतिनिधियों के साथ रैली और जागरूकता रन आयोजित होगें.

# ट्राइडेंट ग्रुप ने पेश की भविष्य की विकास रणनीति

**आरएंडडी पर 100 करोड़ से अधिक का निवेश**

**माईट्राइडेंट ने लॉन्च किए नए होम डेकोर कलेक्शन**



नवभारत न्यूज

**इटारसी, 15 जुलाई . वैश्विक होम टेक्सटाइल कंपनी ट्राइडेंट ग्रुप ने भारत टेक्स 2026 में अपनी भविष्य की विकास रणनीति पेश करते हुए नवाचार, अत्याधुनिक विनिर्माण और सतत विकास को अपनी प्राथमिकता बताया.**

कंपनी ने जानकारी दी कि रिसर्च एंड डेवलपमेंट (आरएंडडी) तथा पर्यावरणीय प्रदर्शन को मजबूत बनाने के लिए 100 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया गया है. इसके साथ ही 17 से अधिक पेटेंट और 147 ट्रेडमार्क के आधार पर प्रीमियम एवं विशेष बाजारों के लिए नए उत्पाद विकसित किए जा रहे हैं.

'द एक्सप्रेशन ऑफ लिविंग' थीम पर आधारित ट्राइडेंट के प्रदर्शन में आधुनिक जीवनशैली, टेक्सटाइल इनोवेशन, समकालीन डिजाइन और भारतीय शिल्प कौशल का अनूठा संगम देखने को मिला. कंपनी ने बताया कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद वित्त वर्ष 2025-26 में उसका प्रदर्शन स्थिर रहा और अब डिजिटलाइजेशन, उत्पादन क्षमता के बेहतर उपयोग तथा अनुसंधान को बढ़ाकर विकास के अगले चरण की ओर बढ़ा जा रहा है. इसी दिशा में एक समर्पित इनोवेशन सेल की स्थापना की गई है, जो एडवांस फाइबर ब्लेंड्स, हाई-परफॉर्मेंस यार्न और नई फिनिशिंग तकनीकों पर काम कर रहा है.

> ट्राइडेंट ग्रुप के चेयरमैन एमेरिटस एवं राज्यसभा सांसद पद्मश्री डॉ. राजिंदर गुप्ता ने कहा कि भारत अब वैश्विक टेक्सटाइल उद्योग को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है. वहीं माईट्राइडेंट ने अपने नए फेस्टिव और होम डेकोर कलेक्शन लॉन्च किए. कंपनी ने बताया कि देशभर में अपने रिटेल टच प्वाइंट्स की संख्या 7,000 से बढ़ाकर 10,000 करने के साथ होटल, संस्थागत और कॉर्पोरेट गिफ्टिंग सेगमेंट में भी विस्तार की योजना है. ट्राइडेंट का लक्ष्य भारतीय रचनात्मकता, आधुनिक डिजाइन और टिकाऊ विकास के माध्यम से वैश्विक बाजार में अपनी मजबूत पहचान स्थापित करना है.

# स्वच्छता और रिकॉर्ड की एसपी साईं कृष्णा ने की सराहना

### सोहागपुर थाने के वार्षिक निरीक्षण पर पहुंचे एसपी

नवभारत न्यूज

**सोहागपुर, 15 जुलाई .पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा एस. थोटा ने बुधवार को सोहागपुर थाना पहुंचकर वार्षिक निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने थाना परिसर की स्वच्छता, अभिलेखों के सुव्यवस्थित रखरखाव और लंबित मामलों के बेहतर निराकरण की सराहना करते हुए थाना प्रभारी गिरीश त्रिपाठी एवं पूरी टीम की प्रशंसा की.**



उन्होंने थाना परिसर में विकसित वॉलीबॉल मैदान का भी अवलोकन किया और कहा कि यह थाना प्रभारी की व्यक्तिगत पहल का परिणाम है, जिसे अन्य थानों में भी अपनाया जा सकता है. मीडिया से चर्चा में एसपी ने कहा कि वार्षिक निरीक्षण पुलिस प्रशासन की नियमित प्रक्रिया का हिस्सा है. उन्होंने बताया कि सोहागपुर थाने में लंबित अपराधों का प्रतिशत कम है तथा विभिन्न पंजियों और रिकॉर्ड का संधारण संतोषजनक पाया गया. निरीक्षण के दौरान थाना परिसर में आम का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया. बल की कमी के संबंध में एसपी ने कहा कि यह समस्या केवल सोहागपुर ही नहीं, बल्कि जिले के सभी थानों में है.

# अस्पताल निर्माण कार्यों को शीघ्र करें पूर्ण : मिश्रा

▸ कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने निरीक्षण कर की प्रगति, गुणवत्ता का जायजा लिया




नवभारत न्यूज़

**नर्मदापुरम, 15 जुलाई. बुधवार को आरटीओ ऑफिस के पास बन रहे नए जिला अस्पताल का कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता एवं विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया.**

निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण एजेंसी को निर्देश दिए कि अस्पताल भवन में निर्मित सभी पाइपलाइन, विद्युत व्यवस्था, फायर सेफ्टी सिस्टम सहित अन्य तकनीकी व्यवस्थाओं की आवश्यक रूप से टेस्टिंग सुनिश्चित की जाए, ताकि अस्पताल के संचालन से पूर्व सभी व्यवस्थाएं पूरी तरह सुचारु एवं सुरक्षित हों. कलेक्टर ने अस्पताल के विभिन्न खंडों एवं वार्डों का निरीक्षण कर निर्माण गुणवत्ता की बारीकी से जांच की. उन्होंने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश देते हुए कहा कि शेष सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किए जाएं. उन्होंने निर्माण एजेंसी को कार्य में गति लाने के निर्देश देते हुए कहा कि आवश्यकता पड़ने पर श्रमिकों की संख्या बढ़ाई जाए, ताकि निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण हो सके. निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर में किए जा रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का अवलोकन कर आवश्यक सुधारात्मक कार्य तत्काल कराने के निर्देश भी दिए. इस अवसर पर जनपद पंचायत नर्मदापुरम के अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे, मध्यप्रदेश तैराकी संघ के अध्यक्ष पीयूष शर्मा, संयुक्त कलेक्टर एवं एसडीएम नर्मदापुरम देवेंद्र प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे.

### एक नजर में

## अब्दुल समद हरदा जिला इकाई के अध्यक्ष नियुक्त



हरदा, 15 जुलाई . असेंबली आफ एमपी जर्नलिस्ट्स के प्रांतीय अध्यक्ष राधावल्लभ शारदा ने संगठन के हरदा के पूर्व जिलाध्यक्ष अरविंद शुक्ला ओर वरिष्ठ पत्रकार डी एस चौहान की अनुसंशा पर असेंबली आफ एमपी जर्नलिस्ट्स के हरदा जिलाध्यक्ष पद पर अब्दुल समद को नियुक्त किया है. पत्रकारों के लिए समर्पित भाव से काम करने वाले संगठन असेंबली आफ एमपी जर्नलिस्ट्स की कार्यप्रणाली ओर पत्रकारों के हित में काम करने वाले संगठन में हरदा जिला अध्यक्ष पद पर पत्रकार अब्दुल समद को नियुक्त किया गया है. प्रांतीय अध्यक्ष राधावल्लभ शारदा ने अब्दुल समद को पत्रकारों के हितों में काम करने और पत्रकारों की सदस्यता करने के लिए निर्देश दिए है. जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्ति होने पर अब्दुल समद को जिले के पत्रकारों एवं शुभचिंतकों ने बधाई दी है.

## हिंदू महाशक्ति संघ ने मनाया स्थापना दिवस



**इटारसी.** हिंदू महाशक्ति संघ ने अपने स्थापना दिवस के अवसर पर इटारसी के जयस्तंभ चौक पर फल एवं मिष्ठान वितरण कर सेवा कार्य किए. संगठन के पदाधिकारियों ने सरकारी अस्पताल और वृद्धाश्रम पहुंचकर मरीजों एवं बुजुर्गों को भी फल व मिठाइयां वितरित कीं. कार्यक्रम में राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी एवं राष्ट्रीय संगठन मंत्री (अति. प्रभार) जीतेंद्र राजवंशी, प्रदेश संयोजक पप्पू पटेल, संभागीय मंत्री संजय मालवीय, संभागीय मीडिया प्रभारी ललित मालवीय, जिला अध्यक्ष कालीचरण बामने, उपाध्यक्ष वीर मालवीय, कार्यालय प्रभारी जस्सी भगत, राजेश सोनी, नगर अध्यक्ष (वीरांगना) नम्रता दास, ग्राम अध्यक्ष मीरा राजपूत, तरुणा विश्वकर्मा, राधा पटेल, बाबई ग्रामीण अध्यक्ष सूरज यादव, उपाध्यक्ष अभिषेक यादव, अजय यादव, आयुष मालवीय, मनीष यादव, गोविंद कीर, अभिषेक कीर, वार्ड 12 अध्यक्ष शंकर कुचबंदिया तथा चैनसिंह खरे सहित संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

## स्कूल वैन की टक्कर में घायल छात्रा की मौत

**हरदा.** जिले में मंगलवार शाम ग्राम सोनखेड़ी के पास स्कूल वैन और बाइक की टक्कर में गंभीर रूप से घायल हुई पांच वर्षीय छात्रा शिवांगी जाट की भोपाल के हमीदिया अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई. इस हादसे में स्कूल वैन में सवार चार छात्राएं और बाइक पर सवार दो युवक घायल हुए थे. मृतक शिवांगी जाट (5) ग्राम गोगिया निवासी राकेश जाट की पुत्री थी. वह नर्सरी की छात्रा थी और इसी वर्ष करताना के एक निजी स्कूल में उसका प्रवेश हुआ था.

# जिले में अपराजिता अभियान का शुभारंभ

### बालिकाओं को आत्मरक्षा और शिक्षा के प्रति किया गया जागरूक

नवभारत न्यूज़

**नर्मदापुरम, 15 जुलाई.. बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत बालिकाओं को सुरक्षित, शिक्षित और सशक्त बनाने के उद्देश्य से महिला एवं बाल विकास विभाग, परियोजना नर्मदापुरम शहरी द्वारा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला जुमेराती में अपराजिता कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया.**



कार्यक्रम कलेक्टर सोमेश मिश्रा एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय कुमार जैन के मार्गदर्शन में किया गया. इस अवसर पर बालिकाओं को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के उद्देश्यों की विस्तृत जानकारी दी गई. साथ ही बताया गया कि अपराजिता कार्यक्रम बालिकाओं के लिए क्यों आवश्यक है. खेल प्रशिक्षक रोशनी सोनकर द्वारा आत्मरक्षा करने का प्रदर्शन किया. उन्होंने बालिकाओं को सरल तरीकों से कराटे के मूलभूत गुर सिखाए और बताया कि विपरीत परिस्थितियों में खुद की रक्षा कैसे की जा सकती है.




# कार्यशाला में अधिकारियों ने सीखे डिजिटल सुरक्षा के गुर

**नर्मदापुरम, 15 जुलाई.** जिला प्रशासन, जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी और साइबर पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय साइबर सुरक्षा कार्यशाला आयोजित की गई. कार्यशाला में शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को साइबर हमलों से बचाव, सुरक्षित डिजिटल कार्य प्रणाली और संवेदनशील डेटा की सुरक्षा के लिए आवश्यक उपायों की जानकारी दी गई. कलेक्टर कार्यालय के कक्ष में आयोजित कार्यशाला की अध्यक्षता की.

# कांग्रेस सेवादल ने आईजी को सौंपा ज्ञापन

▸ अवैध शराब और सट्टा के खिलाफ कार्रवाई की मांग

नवभारत न्यूज

**इटारसी, 15 जुलाई . मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवादल एवं सेवादल यंग ब्रिगेड के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश अध्यक्ष गजानंद तिवारी के निर्देश पर पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) को ज्ञापन सौंपकर नर्मदापुरम शहर में कथित रूप से बढ़ रहे अवैध शराब कारोबार, होम डिलीवरी और सट्टे के नेटवर्क पर सख्त कार्रवाई की मांग की.**




प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सेवादल अध्यक्ष सलीम खान और यंग ब्रिगेड अध्यक्ष सचिन निगोते ने किया. ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि शहर और आसपास के क्षेत्रों में अवैध शराब की बिक्री एवं होम डिलीवरी खुलेआम हो रही है, जिससे युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है और कानून-व्यवस्था पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है. साथ ही सट्टे के बढ़ते कारोबार पर भी प्रभावी कार्रवाई की मांग की गई.

प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि कार्रवाई केवल छोटे स्तर के लोगों तक सीमित न रहे, बल्कि पूरे अवैध नेटवर्क को संचालित करने वाले मुख्य सरगनाओं और उनसे जुड़े लोगों के खिलाफ भी कठोर कानूनी कदम उठाए जाएं. उनका कहना था कि बड़े आरोपियों पर कार्रवाई किए बिना इस अवैध कारोबार पर प्रभावी रोक संभव नहीं है.

# नियम के उल्लंघन पर जेल और भारी जुर्माने का प्रावधान

नवभारत न्यूज

**इटारसी, 15 जुलाई . नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 को प्रभावी रूप से लागू कर दिया है. भोपाल में आयोजित नगर पालिका अध्यक्षों की कार्यशाला में नए नियमों की जानकारी और प्रशिक्षण दिया गया.**

इटारसी नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने नगरवासियों से नई व्यवस्था का पालन करने और स्वच्छता अभियान में सहयोग की अपील की. नए नियमों के तहत 20 हजार वर्गमीटर से बड़े परिसर, प्रतिदिन 40 हजार लीटर से अधिक जल उपयोग करने वाले या 100 किलोग्राम से ज्यादा कचरा उत्पन्न करने वाले संस्थानों को बल्क वेस्ट जनरेटर माना जाएगा. ऐसे संस्थानों को अपने परिसर में ही गीले कचरे का निस्तारण करना होगा. ऐसा नहीं करने पर उन्हें ऑनलाइन व्यवस्था के माध्यम से निर्धारित शुल्क या प्रमाणपत्र लेना होगा.

## गर्भवती महिलाओं का कराएं पंजीयन

**हरदा.** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई. बैठक में जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति, योजनाओं के क्रियान्वयन और विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की गई. कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि गर्भवती महिलाओं का पंजीयन सुनिश्चित करें. साथ ही उनकी 4 जांचें अनिवार्य रूप से कराएं. उच्च जोखिम वाली महिलाओं का उचित मेनेजमेन्ट करें तथा हर गर्भवती महिला का फॉलोअप लें.

**अभियान** | 15 से 30 तक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा

# नशे से दूरी है जरूरी 2 .0 अभियान का जोर-शोर हुआ से प्रारंभ

नवभारत न्यूज

**हरदा, 15 जुलाई . शासन द्वारा प्राप्त निर्देश अनुसार हरदा डिग्री कॉलेज एवम हरदा स्कूल ऑफ एजुकेशन की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों द्वारा नशा उन्मूलन अभियान के अंतर्गत कई प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है.**




इस जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत आगामी दिनों में दिनांक 15 से 30 तक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है. इस तारतम्य में बुधवार को महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अभिलाषा सिंहल ने सभी छात्र एवं छात्राओ को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई. इस अवसर पर उपप्राचार्य गणेश श्रीवास्तव, कार्यक्रम अधिकारी सत्येंद्र सिंह परिहार एन.सी. सी. अधिकारी लेफ्टीनेंट कपिल कुमार दुबे एवम समस्त स्टाफ उपस्थित था.

इसी कार्यक्रम की अगली कड़ी में दिनांक 16 को रील मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है . 17 तारीख को नशा मुक्ति जन जागरूकता हेतु विशेष व्याख्यान एवं लघुतम फिल्म का प्रदर्शन किया जाएगा. 21 तारीख को नशा मुक्ति पर चित्रकला निबंध स्लोगन पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा.

## अभियान के तहत जागरूकता रैली

**नर्मदापुरम .** शासकीय गृहविज्ञान महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना, एनसीसी एवं क्रीड़ा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में नशे से दूरी है जरूरी 2 .0 अभियान की शुरुआत की गई. अभियान के पहले दिन छात्राओं ने नशामुक्ति की शपथ लेकर जागरूकता रैली और ड्रग अवेयरनेस रन के माध्यम से समाज को नशे के खिलाफ जागरूक रहने का संदेश दिया. प्राचार्य डॉ. भारती दुबे के मार्गदर्शन में 15 से 21 जुलाई तक आयोजित होने वाले नशे से दूरी है जरूरी 2 .0 अभियान के तहत महाविद्यालय में विभिन्न जनजागरूकता गतिविधियों की शुरुआत हुई. पहले दिन नशामुक्ति शपथ, जागरूकता रैली एवं ड्रग अवेयरनेस रन का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की. प्राचार्य ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा देश की सबसे बड़ी ताकत हैं. नशे जैसी बुराइयों से दूर रहकर सकारात्मक सोच, अनुशासन और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने वाले युवा ही समाज और राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं. उन्होंने छात्राओं से स्वयं नशे से दूर रहने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने का आह्वान किया.

# नगर भ्रमण पर निकलेंगे भगवान जगन्नाथ

▸ रथयात्रा को लेकर तैयारियां हुई पूरी

नवभारत न्यूज

**इटारसी, 15 जुलाई .अखंड मंडलेश्वर धाम डोंगरवाड़ा में विराजमान भगवान जगन्नाथ महाप्रभु की आज भव्य रथयात्रा के साथ नगर भ्रमण पर निकलेंगे.**



मंदिर के ठाकुर राजा डॉ. आशुतोष कुमार शर्मा एवं पीठाधीश्वर बाबाजी प्रसाद दास ने बताया कि देव स्नान पूर्णिमा के बाद भगवान के अनसर (विश्राम) काल के उपरांत बुधवार को श्रद्धालुओं को दर्शन दिए गए. अब गुरुवार को भगवान भक्तों को दर्शन देने के लिए रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण करेंगे. रथयात्रा डोंगरवाड़ा से प्रारंभ होकर रामजी बाबा संधू स्थल पहुंचेगी, जहां विशेष पूजन-अर्चन किया जाएगा. इसके बाद यात्रा बस स्टैंड, सात रास्ता, न्यू जय स्तंभ चौक, हलवाई चौक, सराफा बाजार, कसेरा बाजार, मोरछली चौक, इंदिरा चौक, गांधी चौक, एसएनजी स्कूल, सर्किट हाउस चौराहा, एनएमबी कॉलेज, आनंद नगर, मीनाक्षी चौक, महिला थाना, जेल मार्ग, पटवारी कॉलोनी और कालिका नगर होते हुए गुंडिचा भवन पहुंचेगी. आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं से रथयात्रा में शामिल होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है.